Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to sanction funds for development of Pomegranate Research Centre, Solapur, Maharashtra.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र शोलापुर मे राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र है। अनार की फसल के अनुसंधान और विकास के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने के उद्देश्य से इस केंद्र का निर्माण किया गया है। देश में यह एक मात्र संस्थान है जो अनार पर काम कर रहा है। इस केंद्र के वैज्ञानिकों ने 'शोलापुर लाल' नामक एक लौह से भरपूर संकर किस्म की खोज की है। इस केंद्र मे किये जाने वाले अध्ययन के कारण किसान की आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ हो रही है। इस केंद्र में आने वाले वैज्ञानिक एवं उनकी संख्या को देखते हुए इस केंद्र की इमारत को बढ़ाना और वैज्ञानिकों के अध्ययन के लिये रूम की व्यवस्था तथा उपकरण की उपलब्धता कराना अत्यंत आवश्यक है। इस अनुसंधान केंद्र की कंपाउन्ड वॉल न होने के कारण जंगली पशु केन्द्र के परिसर मे आकर नुकसान करते हैं। इसलिये इस केंद्र के चारों और कंपाउन्ड वॉल का निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है। मैं माननीय मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूँ कि शोलापुर अनार अनुसंधान केंद्र के विकास के लिये संस्थान द्वारा केंद्र सरकार को दिये गये प्रस्ताव पर सकारात्मकता से विचार करते हुए पर्याप्त धनराशि मंजूर करें।